# प्रान्तीय होम्योपैथिक तृतीय श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ उ0प्र0, मुख्यालय– लखनऊ

**(सम्बद्धता– उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ, जवाहर भवन, लखनऊ)**


**पता– राजकीय डा0 बृजकिशोर होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, देवकाली, अयोध्या।**

**प्रदेश महासचिव**
**श्री बासू पाण्डेय**
**+91 8299026581**


पत्रांक संख्या– 03 /प्रा0हो0संघ/2026–27 दिनांक– 10/06/2026

**सेवा में,**

**अध्यक्ष महोदय,**
**उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ,**
**प्रान्तीय कार्यालय– जवाहर भवन,**
**लखनऊ।**

**विषय– उत्तर प्रदेश में कार्यरत लिपिक संवर्ग के कनिष्ठ सहायकों की वेतन विसंगति को दूर कराते हुए प्रारम्भिक ग्रेड पे– 2800/– (लेवल–5) स्वीकृत कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में कार्यरत लिपिक संवर्ग के कनिष्ठ सहायकों को वर्तमान में ग्रेड वेतन रू0 2000/– (लेवल–3) अनुमन्य है, जबकि लिपिक संवर्ग के अन्य पदों जैसे आशुलिपिक, सहायक लेखाकार आदि के पदों का प्रारम्भिक ग्रेड पे– 2800/– (लेवल–5) है। लिपिक संवर्ग की यह एक जटिल वेतन विसंगति दशकों से बनी हुई है। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हेतु शासनादेशों संख्या– वे0आ0–2–2104/दस–62(एम) 2008 टी0सी0 दिनांक 22 दिसम्बर 2011 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार 2000/– ग्रेड पे को इग्नोर करते हुए ग्रेड पे 2400/– (लेवल–4) अनुमन्य होता है वहीं कनिष्ठ सहायकों को प्रथम ए0सी0पी स्वीकृत होने पर 2400/– ग्रेड वेतन (लेवल–4) अनुमन्य होता हैं।

कनिष्ठ सहायकों के पास कार्यालय के अतिमहत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी होती है तथा कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत कर्मचारियों के उपर विभाग के शासकीय कार्यों का अत्यधिक भार होता है तथा यदि किसी विभाग में लिपिक संवर्ग के अन्य पदों पर कर्मचारी कार्यरत नहीं हैं, जैसे– आशुलिपिक, सहायक लेखाकार, स्टोर कीपर आदि, तो उक्त पदों का कार्य भी लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों को ही सम्पादित करना होता है तथा इसके अतिरिक्त लिपिक संवर्ग के कनिष्ठ सहायकों के पदों पर कार्यरत कर्मचारियों की सरकारी योजनाओं, कार्यालय के अभिलेखों, पत्राचार और प्रशासनिक कार्यों को संचालित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है किन्तु उसके पश्चात भी कनिष्ठ सहायकों को तृतीय श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले सभी पदों में से सबसे न्यूनतम ग्रेड पे– 2000/– (लेवल–3) अनुमन्य किया गया है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में तृतीय श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले सभी पदों में लगभग सबसे न्यूनतम वेतनमान कनिष्ठ सहायकों का ही है।

अतः श्रीमान् जी से अनुरोध है कि कृपया उत्तर प्रदेश के लिपिक संवर्ग के अन्तर्गत कनिष्ठ सहायकों के पद का प्रारम्भिक ग्रेड वेतन 2800/– (लेवल–5) स्वीकृत कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ, प्रान्तीय कार्यालय– जवाहर भवन, लखनऊ के मांग पत्र में सम्मिलित करने की कृपा करें तथा कनिष्ठ सहायकों का प्रारम्भिक ग्रेड पे 2800/– (लेवल–5) स्वीकृत कराये जाने हेतु महासंघ के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन/उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष मांग पत्र प्रेषित कराने की कृपा करें ताकि लिपिक संवर्ग के कनिष्ठ सहायकों की वेतन विसंगति दूर हो सके।

**नोट– उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ, लखनऊ के पत्रांक सं0– 549 दिनांक 01.06.2017 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से इस संघ को महासंघ की सम्बद्धता प्रदान की गयी है।**

10/06/26

**(बासू पाण्डेय)**
**प्रदेश महासचिव**